कार्यालय प्राचार्य, शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
NAAC Grade= "B+" अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छत्तीसगढ़) College Code:- 3402
Office: 07774-235266 Mail ID: ggpgcollege.ambkapur@rediffmail.comw webside: http://rmdgirlspgcollege.ac.in

## आचार संहिता:-

1. महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थी को आचार संहिता का पालन करना होगा। आचरण उल्लंघन करने की दशा में म.प्र.विश्वविद्यालय अधिनियम आचरण संहिता के नियमानुसार उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

2. प्रत्येक छात्र अपना पूरा ध्यान अध्ययन में ही केन्द्रत रखना होगा।

3. छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय परिसर एवं परिसर से बाहर का आचरण व व्यवहार महाविद्यालय की प्रतिष्ठा के अनुसार रखें और स्वतः प्रेरणा से अनुशासित रहे ताकि दण्ड की आवश्यकता नं पड़े।

4. हिंसा,आतंक अथवा आंदोलन द्वारा किसी कठिनाई को हल | करने का मार्ग नहीं अपनायेंगे।

5. महाविद्यालय के प्रत्येक छात्र-छात्रा को अपने सहपाठियों एवं शिक्षकों से नम्रता पूर्वक व्यवहार करना होगा।

6. छात्रों को अपनी कठिनाइयों का अपने तथा प्राचार्य की सहायत से दूर करना चाहिए। आन्दोलन अहिंसा अथवा आतंक सहारा लेने से वे दण्ड के भागी होंगे।

7. महाविद्यालय के छात्र सक्रिय राजनीति में भाग नहीं लेंगे।और अपनी समस्याओं के संबंध में राजनीति दलों अथवा कार्यकर्ताओं के एवं समाचार पत्रों आदि के माध्यम से हस्तक्षेप करने या सहायता लेने से दण्ड के भागी होंगे।

8. परीक्षाओं में किसी प्रकार के अनुचित लाभ की दशा में या अनुचित साधनों की प्रयोग करने की दशा में उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

9. किसी प्रकार के अनैतिक आचरण पर किसी गंभीर विचार केअभियुक्त सिद्ध होने पर विद्यार्थी को निष्कासित कर दिया जायेगा। साथ ही वे महाविद्यालय के किसी भी प्रतिनिधि पद पर आसीन नही रह सकेंगे।

10. रैगिंग के अपराध में लिप्त पाये जाने पर संबंधित विद्यार्थी के खिलाफ कार्यवाही की जावेगी एवं उनको महाविद्यालय से निष्कासित कर दिया जावेगा।

11. महाविद्यालय से ऐसे विद्यार्थियों का नाम निरस्त किया जा सकता है जिन्होंने महाविद्यालय की बकाया शुल्क का भुगतान न किया हो, कक्षा में लगातार अनुपस्थित हो, उनका व्यवहार असंतोषजनक हो अथवा जनहित में उसको रखा जाना उचित न हो।

PRINCIPAL
Govt. Rajmohini Devi
Girl's P.G. College Ambikapur
Distt.- Surguja (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
NAAC Grade= "B+" अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छत्तीसगढ़) College Code:- 3402
Office: 07774-235266 Mail ID: ggpgcollege.ambkapur@rediffmail.comw webside: http://rmdgirlspgcollege.ac.in

महाविद्यालयीन शिक्षकों से अपेक्षित सामान्य आचरण नियमों की सूची आगे दी गई है।

## मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों के आचरण नियम

1. प्रत्येक शिक्षक का मुख्य कर्तव्य यह है कि प्राचार्य द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम को और पाठ्येतर प्रवृत्ति को रुचिपूर्वक, निष्ठा से, निरालस रहकर और समय पर पूरा करें।
2. छात्र अपने आचरण नियमों का अच्छी तरह पालन कर सकें इसके लिए प्रत्येक शिक्षक (जिसमें प्राचार्य भी सम्मिलित है) स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए और छात्रों के मार्गदर्शन के लिए भी उन सब नियमों का पालन करें जो छात्रों के लिए निर्धारित हैं।
3. प्रत्येक शिक्षक को यह ध्यान देना चाहिए कि कक्षा के सभी छात्र अपने विषय को अच्छी तरह समझें और उन्हें अच्छी पुस्तकों को पढ़ने की ओर प्रवृत्त किया जाये। जो छात्र अधिक मेधावी हों अथवा जो औसत से पिछड़े हों, उनके लिए विशेष प्रेरणा और मार्गदर्शन देना भी शिक्षकों का कर्तव्य है।
4. छात्रों तथा अभिभावकों पर अनुचित दबाव डालकर ट्यूशन करना या अन्य लाभ प्राप्त करना शिक्षक के लिये कुत्सित आचरण है।
5. परीक्षाओं से पहले अथवा परीक्षा के बीच या परीक्षा के बाद किसी भी छात्र के प्रति विशेष पक्षपात या दुर्भावना करने वाले शिक्षक का आचरण अत्यंत कुत्सित आचरण गिना जायेगा।
6. शिक्षकों को स्वयं अपने विषय का ज्ञान और अन्य विषयों का ज्ञान ताजा रखना चाहिए। अपने विषय से संबंधित अच्छी पुस्तकें और ग्रन्थ पुस्तकालय में आयें और उसका लाभ अधिकाधिक छात्रों को मिले इस दिशा में सतर्क रहना चाहिये।
7. छात्रों और सहयोगियों के साथ व्यवहार में भद्रता और निश्छल वृत्ति प्रत्येक शिक्षक में होनी चाहिये। विशेषतः छात्राओं के साथ प्रत्येक शिक्षक का संबंध सर्वथा पवित्र और निष्कलंक रहना चाहिये।
8. शिक्षक के नाते से विश्वविद्यालय अथवा अन्यत्र शिक्षक और प्राचार्य को जो स्थान प्राप्त है उसका मोह या लोभ के वश कभी दुरुपयोग नहीं करना चाहिये।
9. अध्यापन के साथ-ही-साथ शिक्षक इस बात पर विशेष ध्यान दें कि छात्रों के चरित्र का विकास हो और संस्था में अनुशासन बढ़े।

प्राचार्य
शास.रा.मो.दे.कन्या स्नातको. महाविद्यालय,
अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा (छ.ग.)
PRINCIPAL
Govt. Rajmohini Devi
Girl's P.G. College Ambikapur
Distt.- Surguja (C.G.)